# केस स्टडी-25/2025

जारी तिथि : 13.09.2025

टी.आर.ओ. नागपुर

**घटनाक्रम:** दिनांक 04.09.2025 को गाड़ी संख्या 13401 (भागलपुर-दानापुर एक्सप्रेस), लोको संख्या 32619/WAG-9/CNB, सेक्शन: सचिवालय हाल्ट – फुलवारी शरीफ (SCY- PWS) में कार्य करते समय गाड़ी में ACP हुआ, परन्तु ACP से प्रभावित कोच को सहायक लोको पायलट /ट्रेन मेनेजर डिटेक्ट नहीं कर पाए, परिणामस्वरूप गाड़ी SCY- PWS ब्लॉक सेक्शन में विलंब हुई।

## तकनीकी कारण:

✓ 3 फेज Knorr Brake लोको में यदि BP का प्रेशर 4.7 Kg/cm² या अधिक हो जाता है और ट्रेन फोरमेशन में BP लीकेज रेट हाई (Leakage rate high) रहता है तो Knorr Brake System BP चार्जिंग रोक देता है। इस स्थिति में फोरमेशन का BP प्रेशर 0 हो जाता है, जिससे सहायक लोको पायलट /ट्रेन मेनेजर, ACP से प्रभावित कोच को डिटेक्ट करना मुश्किल हो जाता है या नहीं कर पाते हैं।

✓ यदि लोको पायलट इस स्थिति में Emergency Penalty Recover करने हेतु ऑटो ब्रेक हैंडल (A-9) को 'Emergency' पोजीशन से 'Run' पर लाते हैं, तो पुन: BP प्रेशर 4.7 Kg/cm² तक चार्ज होगा व लीकेज रेट हाई रहने पर भी Knorr Brake System फिर से BP चार्जिंग बंद कर देगा, जिससे वही समस्या पुन: बन जाएगी।

## कर्मीदल हेतु आवश्यक निर्देश:

❖ ऐसी स्थिति में सहायक लोको पायलट /ट्रेन मेनेजर केवल तभी ACP प्रभावित कोच डिटेक्ट कर पाएंगे जब वह प्रभावित कोच के आस-पास उपस्थित रहेंगे।

❖ Knorr Brake System लोको में यदि ACP के बाद BP प्रेशर 0 हो जाता है, तो Emergency Penalty Recover करने के लिए A-9 को 'Emergency' से 'Run' पोजीशन पर न ले जाकर 'FS' (Full Service) पोजीशन पर लाएँ।

❖ ऐसा करने से BP प्रेशर केवल 3.5 Kg/cm² तक चार्ज होगा।

❖ इस प्रेशर पर चाहे लीकेज रेट कितना भी हो, Knorr Brake System प्रेशर चार्जिंग जारी रखेगा।

❖ परिणामस्वरूप ACP प्रभावित कोच में लीकेज भी लगातार बना रहेगा और सहायक लोको पायलट/ट्रेन मेनेजर उसे आसानी से डिटेक्ट कर पाएगें और ACP को रिसेट कर सकेंगे।

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

(गौरव कु. श्रीवास्तव)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर